नई दिल्ली, मंगलवार
7 अप्रैल 2020
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 12+4=16

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

कोरोना को हराना है

|| दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 7 अप्रैल 2020
www.jagran.com

ग्रेनो वेस्ट में गरीबों की मदद के लिए उठे हाथ

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निर्माणाधीन बिल्डिंग में रह रहे गरीबों और उनके बच्चों को लॉकडाउन के दौरान भूखे पेट नहीं सोना पड़ेगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों के अलावा गौर संस बिल्डर ने भी गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। विभिन्न निर्माणाधीन साइटों पर करीब तीन हजार गरीबों को चिह्नित किया गया है। उनके स्वजन को गौर संस बिल्डर प्रतिदिन भोजन मुहैया कराएगा। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बिल्डरों ने गरीबों के लिए भोजन उपलब्ध कराने के लिए बिल्डरों से आग्रह किया था। गौर संस के चेयरमैन मनोज गौर ने बताया कि ग्रुप ने तीन हजार गरीब लोगों के भोजन की जिम्मेदारी ली है। किसी को भी भूखे पेट नहीं सोने दिया जाएगा। गरीबों व उनके बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच होगी। शारीरिक दूरी के लिए भी उन्हें जागरूक किया जा रहा है। जब व्यक्ति को भोजन की जरूरत हो, गौर सिटी आकर भोजन ग्रहण कर सकता है।

मनोज गौर